प्रदेश में पहली बार एक साल में सबसे ज्यादा लगीं इकाइयां

यूपीसीडा ने औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का बनाया रिकॉर्ड, 60 हजार करोड़ के निवेश की जमीन तैयार

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने प्रदेश में एक वर्ष में औद्योगिक इकाइयों को सबसे ज्यादा भूखंड आवंटित करने का कीर्तिमान बनाया है। वर्ष 1961 में अपनी स्थापना से लेकर अब तक प्राधिकरण ने पिछले एक वर्ष में सबसे ज्यादा 1900 करोड़ राजस्व अर्जित करने का रिकॉर्ड भी कायम किया है।

बीते एक वर्ष में रिकॉर्ड 798 भूखंडों का आवंटन किया गया। इसके जरिये 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश की जमीन तैयार हो गई। इससे जहां यूपी में सबसे ज्यादा इकाइयां लगेंगी, वहीं करीब 52 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। निवेशक सम्मेलन में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने की बड़ी जिम्मेदारी यूपीसीडा के पास है। एक वर्ष में औद्योगिक इकाइयों को रिकॉर्ड भूमि आवंटन कर यूपीसीडा अन्य औद्योगिक प्राधिकरणों की तुलना में काफी आगे है। इकाइयां लगने का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2020 में जहां 403 इकाइयों को जमीन आवंटित हुई थी, वहीं 2025 तक 1634 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो गया। यानी पांच वर्ष में उत्पादन करने वाली इकाइयों की संख्या बढ़कर चार गुना हो गई।

पांच वर्ष में उत्पादन करने वाली इकाइयों की संख्या बढ़कर हुई चार गुना

सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए निवेश समझौतों को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। योजनाबद्ध रूप से काम करने का परिणाम रहा कि पिछले एक वर्ष में न सिर्फ सबसे ज्यादा इकाइयों को जमीन आवंटित की गई, बल्कि प्राधिकरण ने रिकॉर्ड राजस्व भी अर्जित किया है। निवेशकों को भूखंड देने की गति और तेज की जाएगी।

- मयूर महेश्वरी, सीईओ, यूपीसीडा

औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर स्थिति का भी निवेशकों पर अनुकूल असर पड़ा है। पिछले पांच वर्ष में प्राधिकरण के दायरे में आने वाले प्रदेश के 156 औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 1800 करोड़ रुपये विकास और रखरखाव पर खर्च हुए। पिछले एक वर्ष में इस मद में सबसे ज्यादा 551 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यही नहीं, मांग को देखते हुए 10 हजार एकड़ से अधिक लैंडबैंक की व्यवस्था भी की गई है।

इकाइयों को रिकॉर्ड जमीन आवंटन

वर्ष	आवंटित भूखंड	रोजगार
2024-2025	798	51761
2023-2024	698	39138
2022-2023	450	23159
2020-2021	441	45218
2019-2020	220	21627
2018-2019	183	22907
2017-2018	191	11577

एक वर्ष में 10 मेगा इकाइयां

इकाई का नाम	निवेश
सोम बेवेरेजेस	600 करोड़
बीपीसीएल कानपुर	500 करोड़
इंडोरेमा	400 करोड़
एडविन	175 करोड़
अशोक लीलैंड	186 करोड़
क्रिभको	145 करोड़
युगा एस्टेट	100 करोड़
एक्सैक्टसन	100 करोड़
लिंकलॉक्स	100 करोड़
श्री तुलसी	100 करोड़
मार्वल रायल पेंट	90 करोड़